# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

Tel. 05944-242400 e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

## "ई–निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम रूद्रपुर के वित्तीय वर्ष 2021–22 की Balance Sheet एवं 01 अक्टूबर 2022 से 30 सितम्बर 2025 तक तीन वर्षों के लेखा सम्बन्धी कार्यो हेतु सी0ए0 फर्म की सेवाओं की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/सेवाप्रदाओं से दिनांक 15.09.2022 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 28.09.2022 की साय 03:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के अन्तर्गत ई–निविदा आमत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 29.09.2022 की प्रातः 11:00 बजे बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी/शर्तें उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktenders.gov.in तथा नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com से डाउनलोड की जा सकती हैं। ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक लेखा अनुभाग, नगर निगम रूद्रपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकारी नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर में निहित होगा।

(विशाल मिश्रा)
नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

(रामपाल सिंह)
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

Tel. 05944-242400 e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांक – 1731 / लेखा अनु0 / 2022–23 1731/7 दिनांक 13-9-2022

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय, जिलाधिकारी, उधमसिहनगर।
2. कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंहनगर।
3. कार्यालय, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उधमसिहनगर।
4. कार्यालय, उप जिलाधिकारी, रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।
5. कार्यालय, नगर निगम रूद्रपुर, उधमसिंहनगर।
6. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना 6X8 सेमी साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत से अधिक की छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल समाचार की दो प्रतियों सहित इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री तपन कुमार राय, डा0ए0ऑपरेटर, नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना उत्तराखण्ड शासन की वेबसाईट www.uktenders.gov.in तथा नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(राजदेव जायसी)
सहायक नगर आयुक्त

# नगर निगम रूद्रपुर में चार्टर्ड एकान्टेंट सेवाओं की आपूर्ति हेतु

# ई–निविदा

नगर निगम रूद्रपुर
पता– नैनीताल रोड़, रा0रा0–74
रूद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर उत्तराखण्ड पिन–263153
फोन नं0– 05944.242400 ई–मेल-nagarnigamrudrapur@gmail.com
www.nagarnigamrudrapur.com

नगर निगम, रूद्रपुर 02 बिड प्रक्रिया (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत ई–निविदा के माध्यम से 01 अक्टूबर 2022 से 30 सितम्बर 2025 तक तीनों वर्षों के लिए लेखा सम्बन्धी कार्यों हेतु चार्टर्ड एकाउन्टेंट की सेवा आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों /सेवाप्रदाताओं से निम्न की–डेट्स के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित करता है।

**निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1,500+270 (GST 18%)=1,770.00, Non refundable.**

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date Of Online Publication | 14.09.2022 | 03:00 PM |
| 2. | Documents Download Start Date | 15.09.2022 | 11:00 AM |
| 3. | Bid Submission Start Date | 15.09.2022 | 11:00 AM |
| 4. | Bid Submission End Date | 28.09.2022 | 03:00 AM |
| 5. | Submission of Hard/Original Copy of Documents: End Date | 28.09.2022 | 03:00 PM |
| 6. | Bid Opening Date | 29.09.2022 | 11:00 AM |

<u>निविदा की शर्तें निम्नवत् है–</u>

1. **निविदा प्रपत्र मूल्य–**

   निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 **1,500+ 270 (GST 18%)=1,770.00 (एक हजार सात सौ सत्तर मात्र)** होगा जिसका बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम हो, जमा कराना अनिवार्य होगा।

2. **निविदा मूल्य–**

   ई–निविदा की अनुमानित लागत रू0 **10,00,000,00 (दस लाख रूपये मात्र)** (समस्त करों रहित) पूर्ण समय के लिए है।

3. **निविदा धरोहर राशि–**

   निविदादाता को निविदा की धरोहर धनराशि **रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र)** की एफ0डी0आर0 जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, अनिवार्य रूप से निविदा के साथ जमा कराना होगा।

4. **कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि –**

   सफल निविदादाता को अनुबन्ध होने की तिथि से आगामी 01 सप्ताह के अन्दर कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि के रूप में **रू0 50,000.00 (पचास हजार रूपये मात्र)** की एफ0डी0आर जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, जिसे अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के 01 वर्ष बाद नियमानुसार अवमुक्त किया जा सकता है। कार्यपूर्ति धरोहर राशि पर नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा।

5. **समयावधि–**

   01 अक्टूबर 2022 से 30 सितम्बर 2025 तक तीनों वर्षो के लिए एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 की Balance Sheet एवं अन्य अवशेष कार्यो के लिए मान्य होंगी।

6. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी, तथा निविदादाता का चुनाव **न्यूनतम प्रस्तुत दर** के आधार पर किया जायेगा। निविदादाता को अपनी दरें समस्त करों सहित BOQ में अंकित करनी होंगी। प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा Submit/डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा Submit/डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।

7. ई–निविदा दो भागों में **(तकनीकी एवं वित्तीय)** डाली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी एवं तकनीकी निविदा में अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

8. **निविदा डालने हेतु प्रपत्र–**

निविदा डालने हेतु निम्न प्रपत्र अपलोड करने अनिवार्य होगें किसी भी वांछित प्रपत्र के अपलोड न होने की स्थिति तथा अपठनीय होने की दशा में बिड निरस्त कर दी जायेगी–

(i) निविदादाता को निविदा की धरोहर धनराशि रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) की एफडीआर/ डी0डी0 जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार **मूल रूप** में संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उसे स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(ii) निविदा प्रपत्र उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड किये जायेगें तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की दशा में निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1,500+ 270 (GST 18%)=1,770.00 (एक हजार सात सौ सत्तर रूपये मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार **मूल रूप** में संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट को स्कैन कर अपलोड करना होगा। निविदा प्रपत्र मूल्य केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा। निविदा प्रपत्र की धनराशि अप्रतिदेय होगी।

(iii) निविदादाता को सी0ए0 प्रैक्टिस पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(iv) निविदादाता को आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र (पैन कार्ड) को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(v) निविदादाता को जी0एस0टी0 पंजीकरण के प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

(vi) निविदादाता को विगत 05 वित्तीय वर्षो (2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22) के आई0टी0आर0 को स्कैन कर अपलोड करना होगा। वित्तीय वर्ष 2021–22 की आई0टी0आर0 न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2016–17 की आई0टी0आर0 भी मान्य होगी।

(vii) निविदादाता को विगत 05 वित्तीय वर्षों (2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22) सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वार्षिक टर्न ओवर का प्रमाण पत्र (UDIN सहित) प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें प्रत्येक वर्ष का टर्न ओवर रू0 **20,00,000.00 (बीस लाख रूपये मात्र)** या उससे अधिक होना चाहिए, जिसके प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2021–22 का टर्नओवर प्रमाणपत्र न होने की दशा में वित्तीय वर्ष 2016–17 का टर्नओवर प्रमाणपत्र भी मान्य होगा।

(viii) निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि, पूर्व में उसकी फर्म को **सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है**, को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी **मूल प्रति** तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

(ix) निविदा को रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी **मूल प्रति** संलग्न करनी होगी।

9. **कार्यानुभव–**

निविदादाता को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों/निगमों में न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। **प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।**

10 निविदा के साथ संलग्न किये जाने वित्तीय अभिलेख/प्रमाण पत्र की वैधता अवधि निविदा डालने (Bid Submission Date) की तिथि से अग्रिम 90 दिनों तक के लिए होनी अनिवार्य है।

11. **गोपनीयता–**

चयनित फर्म से अपेक्षा की जाती है कि नगर निगम के वित्तीय अभिलेखों एवं तथ्यों के सम्बन्ध में गोपनीयता का पालन करेगी। चयनित फर्म को निविदा से सम्बन्धित समस्त कार्य नगर निगम कार्यालय में ही सम्पादित करने होंगे। नगर निगम कार्यालय से सम्बन्धित समस्त आवश्यक पत्रावलियों को निगम कार्यालय से बाहर ले जाना निषेध होगा।

12. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।

13. निविदा खोले जाने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर ही खोली जायेगी।

14 अनुबन्ध में वर्णित शर्तों के इतर सफल निविदा की कोई शर्त एवं दावा मान्य नहीं होगा।

15 किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा दिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा। यदि आपूर्तिकर्ता उस निर्णय से सहमत न हो तो प्रकरण आर्बीट्रेटर के माध्यम से निपटाया जायेगा। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर आर्बीट्रेटर होगें। अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी महोदय के आर्बीट्रेटर न होने की दशा में उनके द्वारा आर्बीट्रेटर नियुक्त किया जायेगा।

16. आर्बीट्रेटर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बीट्रेटर के न्यायालय में पक्षकार अपने दावों के समर्थन में जो भी अभिलेख प्रस्तुत करेगें, उसका वहन पक्षकारों द्वारा स्वयं किया जायेगा। आर्बीट्रेटर की फीस का वहन पक्षकारों द्वारा आधा–आधा वहन करना होगा।

17. **निविदादाता द्वारा निम्नांकित कार्य सम्पादित किये जायेंगे–**

(i) वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए Balance Sheet तैयार करना एवं अन्य अवशेष कार्यो का सम्पादन करना।

**अन्य वर्षों के लिए निम्न कार्य सम्पादित किये जायेंगे–**

(ii) वार्षिक Trial Balance, Statement of Profit and Loss and Balance Sheet तैयार करना।

(iii) त्रैमासिक Bank Reconcilition Statement तैयार करना।

(iv) आयकर सम्बन्धी समस्त कार्य। (Quarterly Income Tax return, Yearly Income Tax computation of all employees for advance Tax, Preparation of Form 16 etc.)

(v) G.S.T. सम्बन्धी समस्त कार्य। (Monthly G.S.T. Return, G.S.T. TDS etc.)

(vi) कर्मचारी भविश्य निधि संगठन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम का मासिक अंशदान के भुगतान सम्बन्धी समस्त कार्य।

(vii) समय समय पर भारत सरकार, उत्तराखण्ड शासन एवं शहरी विकास निदेशालय द्वारा निर्गत शासनादेशों एवं संशोधनों के अनुरूप कार्य सम्पादित करना एवं मांगी गई सूचनायें उपलब्ध कराना।

(viii) नगर निगम रूद्रपुर में समय समय पर आयोजित बोर्ड बैठक में प्रतिभाग करना एवं वित्तीय मामलों मे राय प्रस्तुत करना।

(ix) नगर निगम रूद्रपुर की आय वृद्धि हेतु समय समय पर सुझाव देना।

(x) लेखा अनुभाग में पुरानें मामलों से सम्बन्धित Notices के ससमय निपटान मे सहायता करना एवं मामलों से सम्बन्धित सूचनायें उपलब्ध कराना।

(xi) नगर निगम, रूद्रपुर के वार्शिक बजट को तैयार करना।

(xii) भविष्य में शहरी विकास विभाग स्थानीय निकायों में दोहरा लेखा प्रणाली को लागू करने जा रहा है। लेखा अभिलेखों को एकल लेखा प्रणाली से दोहरा लेखा प्रणाली में परिवर्तित करनें में सहायता एवं मार्गदर्शन करना।

(xiii) नगर निगम, रूद्रपुर को समय समय पर वित्तीय मामलों में अनुभवी सलाह प्रदान करना।

(xiv) अन्य को ई भी आकस्मिक एवं अधीनस्थ कार्यों को सम्पादित करना।

(xiv) Check list के अनुसार निविदादाता द्वारा अभिलेख/प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

नोट– निविदादाता को मात्र क्रम संख्या 5(i), 5(ii), 5(viii) एवं 5(ix) पर अंकित अभिलेख ही मूल रूप में तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करने होंगे तथा शेष अभिलेखों को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| **(प्रशान्त जौहरी)**<br>**लेखा लिपिक**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(पंकज जोशी)**<br>**सहायक लेखाकार**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(राजदेव जायसी)**<br>**सहायक नगर आयुक्त**<br>नगर निगम, रूद्रपुर |
| **(जुबक मोहन सक्सेना)**<br>**वरिष्ठ वित्त अधिकारी**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(विशाल मिश्रा)**<br>**नगर आयुक्त**<br>नगर निगम, रूद्रपुर | **(रामपाल सिंह)**<br>**महापौर**<br>नगर निगम, रूद्रपुर |

Checklist-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र मूल्य | |
| 2. | धरोहर धनराशि | |
| 3. | सी०ए०/फर्म पंजीकरण (जो जैसा लागू हो) | |
| 4. | पैन कार्ड | |
| 5. | जी०एस०टी० प्रमाण पत्र | |
| 6. | टर्नओवर प्रमाण पत्र | |
| 7. | आयकर प्रमाण पत्र | |
| 8. | काली सूची में ना होने का प्रमाण पत्र | |
| 9. | नान ज्युडिशियरी स्टैम्प पेपर | |
| 10. | अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश | |
| 11. | अन्य आवश्यक दस्तावेज (जो निविदा से संबंधित हो) | |